## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**04 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के साथ वाराणसी में किया सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का शुभारम्भ। कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समाज के महान नायकों को मिल रहा है स्थान।
- वाराणसी के शिवपुर में आज स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने पर रहेगा जोर।
- केन्द्र सरकार ने नागरिकों से अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की दी सलाह।
- राज्य में कल कई स्थानों पर हुई बारिश से तापमान में गिरावट। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी जनपदों में आज ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने का जताया अनुमान।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल रात वाराणसी के भारतीय रेल इंजन कारखाना परिसर में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि न्याय, धर्म और लोककल्याण के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब समाज में आक्रांताओं को नहीं बल्कि सुशासन और न्याय के महान नायकों को स्थान मिल रहा है। श्री योगी ने इस महानाट्य को वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिये प्रेरक बताया।

***यह केवल एक महानाट्य का रूपान्तर ही नही है। आज की नई पीढ़ी को अपने मूल्यों और आदर्शों से जोड़ने का एक वृहद अभियान का हिस्सा भी है मैं इसके लिए मैं डाक्टर मोहन यादव जी को ह्रदय से अभिनंदन करता हूँ धन्यवाद देता हूँ कि एक बहुत अच्छा कार्य हुआ है।***

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पर्यटन एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने योगी आदित्यनाथ को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की प्रतिकृति सौंपी। इसे आज श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्थापित किया जायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी से प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के नए शैक्षिक सत्र– दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे कंपोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित होगा और इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल से किया जाएगा। अभियान के तहत एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक प्रथम चरण चलाया जा रहा है, जबकि दूसरा चरण एक जुलाई से पन्द्रह जुलाई तक आयोजित होगा। इसमें जनपद, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर व्यापक कार्यक्रमों के माध्यम से नामांकन बढ़ाने, बच्चों को पाठ्य–पुस्तकें और बैग वितरित करने तथा जन–जागरूकता फैलाने पर जोर रहेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के नये भवन का लोकार्पण करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल भारतेंदु नाट्य अकादमी पहुंचकर लोकार्पण की तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ–साथ कलाकारों का भी सम्मान कर रही है। उन्होंने बताया कि देश के इस प्रतिष्ठित संस्थान में विभिन्न राज्यों के छात्र–छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**********

लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय पर कल हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोगों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिये प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिला है।

***प्रदेश के लोगों के जीवन स्तर में कैसे और बेहतरी लाई जा सकती है, माननीय मोदी जी की गरीब कल्याण योजनाओं ने जन–जन का भरोसा जीता है और उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में लाइन आर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर वर्ल्ड क्लास बन कर के तैयार हो रहा है। प्रदेश का हर नागरिक मानता है कि 17 से लेकर आज 2026 में आमूलचूल परिवर्तन हो चुका है।***

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में रेल अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से इस लक्ष्य की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने का आह्वान किया और पिछले वर्ष के सराहनीय प्रदर्शन के लिए रेलवे कर्मचारियों को बधाई दी।

**********

केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि वह देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों को अफरा–तफरी में पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करने और एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट–

***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अपर मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों के साथ ईंधन आपूर्ति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की और पर्याप्त उपलब्धता सुनिशचित करने के लिए उठाए गए उपायों का उल्लेख किया। बैठक में राज्यों को एलपीजी वितरण के घरेलू और आवश्यक जरूरतों पर प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। प्रवासी श्रमिकों को एफटीएल एलपीजी आपूर्ति से सम्बंधित रिपोर्ट में राज्यों ने स्पष्ट किया है कि प्रवासी श्रमिकों को एलपीजी आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से विशाल शर्मा।***

**********

वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर पश्चिमी एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति  पर्याप्त बनी हुई है। इंडियन ऑयल ने कहा है कि रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति जारी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग अट्ठाइस लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। यह वितरण मौजूदा भू–राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य स्तरों के अनुरूप है।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर तीस जून तक सीमा शुल्क में पूरी छूट देने का निर्णय लिया है। पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रमों पर एक अंतरमंत्रालयीय ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

***हमारी रिफाइनरीज़ मैक्सिमम कैपासिटी ऑपरेट कर रही हैं। इसलिए सल्फर की कोई सॉर्टेज नहीं है। हमारे रिटेल आउटलेट्स नार्मल ऑपरेट कर रहे हैं। इंटरनेशनल वॉल्टीलिटी के बावजूद भी पम्प के प्राइजेज में कोई इंक्रीज नहीं किया गया है। भारत सरकार ने प्राइजेज को स्टेबल रखने के लिए एक्साइज ड्यूटी में रिडेक्शन किया है और कुछ भार हमारी ऑयल मॉर्केटिंग कंपनी भी उठा रही हैं।***

**********

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बिलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार के लिए कल रात दस बजे से आज दोपहर दो बजे तक, सोलह घंटे के लिए अपनी सभी ऑनलाइन सेवाएं बंद रखी हैं। एक रिपोर्ट.....

**यूपीपीसीएल की बिलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार और मेंटेनेंस कार्य के चलते ये सेवाएं बाधित रहेगी। इस अवधि में उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा नहीं कर सकेंगे। साथ ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर के लिये रिचार्ज सेवाएं भी उपलब्ध नहीं रहेंगी। यूपी पावर कारपोरेशन का कंज्यूमर ऐप भी बंद रहेगा। किसी भी जानकारी के लिये उपभोक्ता विभाग की हेल्पलाइन नंबर 1912 पर सम्पर्क कर सकता है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

**********

प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिये संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट से तीस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। राज्य में सरकारी, सहायताप्राप्त और निजी संस्थानों में पॉलिटेक्निक की कुल दो लाख चौवालीस हजार नौ सौ बहत्तर सीटों के लिये पन्द्रह मई से बाइस मई तक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी।

**********

प्रदेश में कल कई स्थानों पर बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चित्रकूट, वाराणसी, भदोही और ललितपुर में बारिश के साथ कई स्थानों पर बिजली भी गिरी। बेमौसम बारिश होने से किसान गेहूं की फसल को लेकर चिंतित हैं। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर आज ओलावृष्टि के साथ पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

**********